<u>प्रसार भारती</u>

<u>भारतीय प्रसारण निगम</u>

<u>आकाशवाणी केन्द्र शिमला</u>

<u>13.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे</u>

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज असम के गोवाहाटी से पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त करेंगे जारी–नौ करोड़ 32 लाख किसानों को होगा लाभ।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू बंगाणा में 15 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाली जलापूर्ति विकास योजना का करेंगे शिलान्यास।
- लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने हिमाचल की विभिन्न परियोजनाओं के लिए विशेष केंद्रीय सहायता देने की केंद्र से की मांग।
- नीति आयोग द्वारा चंबा जिला में चलाया जा रहा संपूर्णता अभियान प्रगति पर–आकांक्षी जिला की श्रेणी से बाहर करने की दिशा में प्रयास जारी।
- प्रदेश के सभी न्यायालयों में कल राष्ट्रीय लोक अदालत होगी आयोजित

<u>पीएम किसान सम्मान निधि</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज असम के गुवाहाटी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी करेंगे। केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री करीब नौ करोड़ 32 लाख किसानों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से 18 हजार छह सौ 40 करोड़ रुपये जारी करेंगे। उन्होंने कहा कि अब तक इस योजना के अंतर्गत चार लाख नौ हजार करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि पहले ही अंतरित की जा चुकी है।

<u>पीएम–एनएक्सटी शिखर सम्मेलन</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी उथल–पुथल के बावजूद भारत वैश्विक स्तर पर एक प्रतिष्ठित और भरोसेमंद राष्ट्र बना हुआ है। नई दिल्ली में एनएक्सटी सम्मेलन को संबोधित करते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा कि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद देश स्थिर और मजबूत बना हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न बाधाओं से निपटने के लिए स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है।

प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है कि संघर्ष का बोझ नागरिकों पर न पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार के निरंतर प्रयासों से स्थिति का प्रभावी ढंग से समाधान किया जाएगा और हर निर्णय जनता के हित में लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज उना जिला के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के बंगाणा में 15 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाली तुरकाल–पंगा जलापूर्ति योजना का शिलान्यास करेंगे। इस योजना के निर्माण से लठियानी, धुंधला और आसपास के क्षेत्रों की विभिन्न जलापूर्ति योजनाओं के स्त्रोत सुदृढ होंगे और लोगों को नियमित पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री का एक जनसभा को संबोधित करने का कार्यक्रम भी है।

विक्रमादित्य सिंह

लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने केंद्रीय आवासन व शहरी कार्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से नई दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने हिमाचल के शहरी विकास और लोकनिर्माण विभाग की परियोजनाओं के लिए केंद्र से विशेष केंद्रीय सहायता देने की मांग की। विक्रमादित्य सिंह ने अमृत–2.0 व स्वच्छ भारत मिशन शहरी के तहत हिमाचल के लिए केंद्रीय आबंटन बढ़ाने की मांग प्रमुखता से उठाई। लोकनिर्माण मंत्री ने जाठिया देवी परियोजना व हिम चंडीगढ़ प्रोजेक्ट के लिए विशेष केंद्रीय सहायता देने का केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के समयबद्ध अनुमोदन और पर्याप्त वितीय प्रावधान से बुनियादी सुविधाएं मजबूत होंगी और राज्य की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। मनोहर लाल खट्टर ने पहाड़ी राज्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इन मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया।

सम्पूर्णता अभियान

आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत नीति आयोग द्वारा चम्बा जिला में चलाया जा रहा सम्पूर्णता अभियान 2.0 प्रगति पर है। इस अभियान के तहत जिला स्तर पर और दो आकांक्षी ब्लॉक पांगी व तीसा में विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर अभियान के लक्ष्य को पूरा करने का कार्य जारी है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे चंबा जिल़ा संवाददाता————————

चंबा जिला को आकांक्षी जिला की श्रेणी से बाहर करने की दिशा में नीति आयोग द्वारा उठाए जा रहे कदम सराहनीय हैं। ये सम्पूर्णता अभियान भी उसी कड़ी का एक हिस्सा है। 5 में से 4 संकेतकों में लक्ष्य प्राप्ति अपने आप में इस अभियान की सफलता का संदेश दे रहा है। जिला के पांगी उपमंडल के कई दुर्गम इलाकों में कनेक्टिविटी न होने की वजह से हालांकि लक्ष्य प्राप्ति में थोड़ा विलम्ब हो रहा है। ऑनलाइन डाटा एंट्री को लेकर कुछ दिक्कत है जिस सम्बन्ध में राज्य स्तर पर और नीति आयोग को भी अवगत करवाया गया है ताकि इसका हल निकाला जा सके। ऐसे अभियान वास्तव में किसी भी जिला के विकास में एक अहम भूमिका निभाते हैं। –आकाशवाणी के लिए चम्बा से विकास ठाकुर

लोक अदालत

प्रदेश उच्च न्यायालय व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्तवाधान में कल 14 मार्च को राज्य के सभी न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में निपटारे के लिए विभिन्न अदालतों द्वारा अभी तक लगभग 82 हजार मामलों की पहचान की गई है। इस दौरान ट्रैफिक मैजिस्ट्रेट के न्यायालयों में एम.वी. चालान मामलों में ई–कोर्ट डिजिटल के माध्यम से कंपाउंडिंग शुल्क के भुगतान की ऑनलाईन सुविधा प्रदान की गई है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत खिली धूप से हुई है। बीते कल प्रदेश के उंचाई वाले क्षेत्रों में हल्का हिमपात हुआ था, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने आज व कल उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना जताई है, जबकि मैदानी व मध्यवर्ती इलाकों में मौसम के साफ रहने का अनुमान है। 15 व 16 मार्च को पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में बदलाव आएगा और कई जगह अंधड़ व बिजली कड़कने का अलर्ट जारी किया गया है।

संदीपनी

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार को जनता के बीच अपनी लोकप्रियता पर भरोसा नहीं है, इसलिए वह हर चुनाव को टालने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में शहरी विकास विभाग द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारियों और उपायुक्तों को 53 शहरी निकायों में आरक्षण रोस्टर लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन दूसरी ओर सरकार नए बनाए गए 21 शहरी निकायों में चुनाव नहीं करवाना चाहती। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस सरकार चुनाव कराने के बजाय उन्हें टालने की रणनीति पर काम कर रही है।

एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है–हिमाचल विजिलेंस ब्यूरो आरटीआई के दायरे से बाहर, नहीं मांग सकेंगे सूचना। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–राज्य सरकार ने जारी की अधिसूचना, अधिनियम की धारा 24–चार के तहत फैसला। दैनिक जागरण का शीर्षक है–मुख्यमंत्री सुक्खू बोले–तीसरे मोर्चे में जो जाना चाहे, वह जाए। पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है–भ्रष्टाचार के चोर दरवाजे बंद कर हमने 3 हजार 8 सौ करोड़ रूपये अर्जित किए।

मौसम पर हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–मैदानों में हल्की बारिश, चोटियों पर गिरे बर्फ के फाहे जबकि दैनिक भास्कर का कहना है–लाहौल की चोटियों, अटल टनल में बर्फबारी, पर्यटकों ने लिया लाइव स्नोफॉल का आनंद।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज असम के गोवाहाटी से पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त करेंगे जारी—नौ करोड़ 32 लाख किसानों को होगा लाभ।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू बंगाणा में 15 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाली जलापूर्ति विकास योजना का करेंगे शिलान्यास।
- लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने हिमाचल की विभिन्न परियोजनाओं के लिए विशेष केंद्रीय सहायता देने की केंद्र से की मांग।
- नीति आयोग द्वारा चंबा जिला में चलाया जा रहा संपूर्णता अभियान प्रगति पर—आकांक्षी जिला की श्रेणी से बाहर करने की दिशा में प्रयास जारी।
- प्रदेश के सभी न्यायालयों में कल राष्ट्रीय लोक अदालत होगी आयोजित

ताजा समाचारों के लिए आप हमारे फेसबुक पेज ऑल इंडिया रेडियो न्यूज़ शिमला, एक्स हैंडल एट द रेट ए.आई.आर. न्यूज़ अंडर स्कोर शिमला और यू टयूब चैनल ए. आई. आर. शिमला न्यूज़ को फॉलो कर सकते हैं।

......बाकी समाचार इस अंतराल के बाद.....